दिनांक-13मार्च2020

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

मौसमी बीमारी से बचाव तथा डेंगू के रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए निगम सभागार में आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने ली बैठक

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के सभागार में आज आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने जोन आयुक्त एवं स्वास्थ्य अधिकारियों की बैठक ली! मौसमी बीमारी से बचाव तथा डेंगू नियंत्रण एवं रोकथाम के संबंध में चर्चा की गई! आयुक्त श्री रघुवंशी ने डेंगू की रोकथाम एवं मौसमी बीमारी से बचाव के लिए वार्डों में लगाया जा रहे शिविरों की जानकारी प्राप्त की, डेंगू नियंत्रण एवं रोकथाम के लिए ब्लीचिंग, चुना, क्लोरीन टेबलेट, टेमीफास्, जला ऑयल, मलेरिया ऑयल, स्प्रेयर के स्टॉक का जायजा लिया! आयुक्त ने जोन के अधिकारियों को स्पष्ट कहा कि निगम का स्वास्थ्य अमला एवं कर्मचारी अभी से सतर्क हो जाए, गली मोहल्ला में साफ-सफाई नियमित रूप से हो तथा ऐसे स्थलों को भी चयनित करें जहां डेंगू ज्यादा प्रभावी रहा है इन क्षेत्रों में विशेष ध्यान देते हुए डेंगू के रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए उपाय अपनाएं! ऐसे स्थल जहां पर जलजमाव की स्थिति निर्मित होती है उन स्थानों पर भी डेंगू नियंत्रण एवं रोकथाम के उपाय अपनाएं! बैठक मे भैंस खटाल संचालकों की सूची एवं सूअर पालकों की सूची तैयार कर स्वच्छता बनाए रखने संबंधी पत्र उन्हें जारी करने के निर्देश दिए गए हैं! डेंगू नियंत्रण एवं रोकथाम के लिए समन्वय स्थापित करने सफाई एजेंसी एवं उनके सुपरवाइजर के साथ जोन आयुक्तों की बैठक भी होगी! श्री रघुवंशी ने सख्त निर्देश दिए हैं कि जोन क्षेत्रों में कहीं पर भी मौसमी बीमारियों से बचाव एवं डेंगू नियंत्रण तथा रोकथाम के लिए उपयोगी सामग्रियों की कमी न हो तथा जोन स्तर पर सारी तैयारियां व संसाधन मौजूद रहे तथा अपने क्षेत्रों में सतत निरीक्षण कर वस्तुस्थिति का जायजा लेवे!

नोवल कोरोना वायरस के संक्रमण की रोकथाम एवं नियंत्रण हेतु छत्तीसगढ़ शासन नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा पत्र जारी होने के बाद भिलाई निगम क्षेत्र में सार्वजनिक लाइब्रेरी, व्यायाम शाला, तरणताल (स्विमिंग पुल) एवं वाटर पार्क को इस माह के अंतिम तारीख तक अनिवार्य रूप से बंद रखने के निर्देश आयुक्त महोदय द्वारा बैठक में दिए गए है! इसी के साथ ही एहतियातन के तौर पर निगम क्षेत्र के अंतर्गत सार्वजनिक भीड़भाड़ वाले स्थलों पर हाथों को स्वच्छ एवं संक्रमण मुक्त रखने के लिए हैंडवाश की व्यवस्था समस्त जोन क्षेत्रों में की जा रही है जिसके तहत वैशाली नगर क्षेत्र के गोल मार्केट तथा जोन क्रमांक 3 क्षेत्र के वार्ड 23 सुभाष सब्जी मार्केट में इसकी शुरुआत आज से कर दी गई है तथा जन जागरूकता के तहत पोस्टर एवं फ्लेक्स भी लगाया जा रहा है!

जनसंपर्क अधिकारी